प्रॉब्लम्स का सोल्यूशन खोज रहे यूथ

एसआईआरटी में स्मार्ट इंडिया हैकेथोन-2017 का शुभारंभ

भोपाल ● सागर इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड टेक्नोलॉजी अनुभवानंद सभागार में शनिवार को स्मार्ट इंडिया हैकेथोन 2017 प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। लगातार 36 घंटे चलने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के माध्यम से एआईसीटी एवं एमएचआरडी द्वारा किया गया है। हैकेथोन 2017 कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार के 29 विभाग की 598 प्रॉब्लम्स का सोलूशन एनसीपीसीआर के तहत खोजने का प्रयास किया जा रहा है। शनिवार सुबह 7.30 बजे से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता के लिए देशभर मे 23 सेंटर बनाए गए हैं। प्रतियोगिता मे देश भर के 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स में से चयनित 10 हजार 500 स्टूडेंट्स शामिल हुए है। भोपाल सागर इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड टेक्नोलॉजी के सेंटर पर इस कार्यक्रम में 300 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया है।

भोपाल में एसआईआरटी के अनुभावानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री दीपक जोशी ने किया। उद्घाटन समारोह में डायरेक्टर टेक्निकल एज्युकेशन डॉ. वीरेंद्र कुमार, एनएसीपीआर मेम्बर प्रियंक कानूनगो, एआईसीटीआई के सेंट्रल रीजनल ऑफिसर डॉ. सीएस वर्मा, एमपीएससीपीसीआर के चेयरपर्सन डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, स्टेट सिविल कॉर्पोरेशन बोर्ड के चेयरमैन डॉ. हितेश वाजपेयी आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सीनियर डिविजनल सिक्योरिटी कमिश्नर आरएसपी सिंह

मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि भारत सरकार के मैक इन इण्डिया प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए नवीनतम अविष्कार की जरूरत है। कार्यक्रम में मंत्री दीपक जोशी जी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए डिजीटल इंडिया प्रोजेक्ट को बरकरार रखना होगा। एनसीपीसीआर मेंबर प्रियांक कानूनगो ने कहा कि देश का 65 प्रतिशत यंग इंडिया अगर इस प्रोजेक्ट में समस्याओं के समाधान करने की जिम्मेदारी लेते हैं, तो कमीशन के लिए पॉलिसी, इम्प्लीमेंटेशन एवं मॉनिटरिंग के लिए आसान रहेगा। सागर समूह के चेयरमैन इंजी. संजीव अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि एसआईआरटी में इस प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हम भी भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण एवं अनोखे कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता में शामिल हैं।

पत्रिका Sun, 02 April 2017
epaper.patrika.com//c/18025403